# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)

# U.P. POWER CORPORATION LIMITED

(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)

14–अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ।

CIN-U32201UP1999SGC024928


संख्याः–697–अधि0प्रब0–03/पाकालि/2021–3(141)ई0एम0–03/2018 दिनांकः 17 मार्च, 2021

**अनापत्ति प्रमाण पत्र**

श्री दिलीप कुमार साहू (2018141), सहायक अभियन्ता–रेस्पो, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को मै0 एन0एल0 सी0 इण्डिया लि0 में Graduate Executive Trainee (GET) पद हेतु दिनांक 22.03.2021 को आयोजित होने वाले साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र निम्नलिखित प्रतिबन्धों सहित एतद्द्वारा प्रदान किया जाता है :–

(1) इस अनुमति से कारपोरेशन कार्य में कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

(2) इस अनुमति के आधार पर अपने तैनाती/स्थानान्तरण के सम्बन्ध में विशेष सुविधा के पात्र न होंगे और न ही कोई विशेष सुविधा/लाभ दिये जाने हेतु कारपोरेशन बाध्य होगा।

(3) यदि आपके विरूद्ध कारपोरेशन में कोई अनुशासनिक कार्यवाही लम्बित पायी जाती है तो यह अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वतः निरस्त माना जाएगा।

(4) यदि आपका चयन उपरोक्त सेवा में हो जाता है, तो बाह्य सेवा में चयन के उपरान्त कारपोरेशन के नियमों के अधीन सेवा से निःशर्त त्याग–पत्र देना होगा एवं कारपोरेशन स्तर पर अनुशासनिक कार्यवाही/जाँच आदि की स्थिति देखने के पश्चात् ही आपको कार्यमुक्त किया जाएगा, जिसके उपरान्त कारपोरेशन की सेवा से आपका कोई धारणाधिकार (Lien) नहीं रहेगा।

(5) साक्षात्कार में उत्तीर्ण होने के पश्चात् अंतिम चयन के फलस्वरूप कारपोरेशन की सेवाओं का परित्याग करने पर नियुक्ति पत्र में इंगित प्रतिबंध के अनुपालन में बाण्ड–मनी की धनराशि रू० 2,00,000 + जी०एस०टी० (लागू दर से) कारपोरेशन के खाते में जमा कराया जाना होगा।

(6) कारपोरेशन की सेवायें पेंशनरी नहीं हैं। नये सेवायोजक के अधीन सेवानैवृत्तिक लाभों के सन्दर्भ में कारपोरेशन की सेवाओं को जोड़ने की स्थिति में उ0प्र0पा0का0लि0 द्वारा किसी पेंशनरी अंशदान/अभिदान/प्रो–रेटा ग्रेच्युटी आदि का वित्तीय भार वहन नहीं किया जायेगा।

निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)

संख्याः–697(1)–अ०प्र०–03/पा०का०लि०/2021, तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अधीक्षण अभियन्ता (मु0), रेस्पो, उ0प्र0पा0का0लि0, ग्रामीण विद्युतीकरण एवं द्वितीय प्रणाली नियोजन संगठन, 9वां तल, शक्ति भवन विस्तार को पत्र सं0–953/रेस्पो/मु0/ई0–1(ए), दिनांक 27.02.2021 के सन्दर्भ में।
2. श्री दिलीप कुमार साहू (2018141), सहायक अभियन्ता–रेस्पो, उ0प्र0पा0का0लि0, 8वां तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

आज्ञा से,

( हिमांशु वार्ष्णेय )

उप सचिव (अ०प्र०–03)

प्रति :– कट फाइल/कारपोरेशन की वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।